भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2382#
गुरूवार, 20 मार्च, 2025/29 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा**

**2382# श्री मिथलेश कुमार:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तीर्थस्थलों में पर्यटकों की आवक का ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन को सुविधाजनक बनाने के लिए सड़क संपर्कता, आवास और सुख-सुविधाओं सहित अवसंरचना विकास का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन स्थलों के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालने और उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक उत्सव, विरासत यात्रा और डिजिटल अभियान आयोजित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): धार्मिक पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को विकसित कर और बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है। देश में पर्यटन स्थलों की जानकारी का अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाता है।

वर्ष 2022 और 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश के लिए जिलेवार घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्रा (एफटीवी) का विवरण **अनुबंध-I** में है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।
योजना के दिशा-निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ पर्यटक सुविधा केंद्र, पर्यटक सूचना केंद्र, लॉग हट्स, एम्फीथिएटर, फुट-ओवर ब्रिज, साइनेज, सीसीटीवी, अंतिम मील तक सड़क संपर्क, अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, कूड़ेदान, पेयजल सुविधाएं, जल निकासी और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाएं और पर्यटन स्थलों पर साइट संबंधी अन्य विकास कार्य जैसे बेंच, भूदृश्यांकन, फ्लोरिंग, रेलिंग आदि की व्यवस्था का प्रावधान है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के दिशानिर्देशों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय अपने घरेलू संवर्धन एवं प्रचार सहित आतिथ्य (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता रहा है।

पर्यटन मंत्रालय की उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत तीर्थ स्थलों सहित उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्वीकृत धनराशि का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने महाकुंभ 2025 के दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जो निम्नानुसार हैं:

- विदेशी पर्यटकों, मीडिया, ट्रैवल ब्लॉगर्स और इन्फ्लुएंसर्स को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिए महाकुंभ में अतुल्य भारत मंडप की स्थापना की गई।
- विदेशी पर्यटकों/इन्फ्लुएंसर्स/पत्रकारों/फोटोग्राफरों आदि की सुविधा के लिए महाकुंभ 2025 के लिए समर्पित टूरिस्ट इन्फोलाइन (1800111363 या 1363) की स्थापना की गई।
- महाकुंभ की भव्यता को प्रदर्शित करने और प्रयागराज की पर्यटन क्षमता को उजागर करने के लिए क्राउड सोर्सिंग के माध्यम से ट्रैवल ब्लॉगर्स, इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स और फोटोग्राफरों को आमंत्रित किया गया।
- सोशल मीडिया के माध्यम से महाकुंभ का प्रचार किया गया। आईटीडीसी, उत्तर प्रदेश पर्यटन और अन्य संगठनों के साथ सहयोगात्मक सोशल मीडिया पोस्ट किए गए।
- उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भारतीय रेल खानपान और पर्यटन निगम, भारत पर्यटन विकास निगम आदि द्वारा पेश किए जा रहे विभिन्न टूर पैकेज, लग्जरी टेंट आदि को डिजिटल ब्रोशर के रूप में संकलित किया गया। इसे भारतीय मिशन और भारत पर्यटन कार्यालयों के साथ साझा किया गया।
- पर्यटन मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम भारत पर्यटन विकास निगम ने प्रयागराज के टेंट सिटी में 80 लग्जरी टेंट आवास स्थापित किए।

*****

**अनुबंध-I**

श्री मिथलेश कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 20.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2382# के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2022 और 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश के लिए जिलेवार घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्रा (एफटीवी) का विवरण**

| क्र. सं. | जिला | 2022 | | 2023 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी |
| 1 | वाराणसी | 7,16,12,127 | 89,689 | 10,16,47,159 | 2,20,459 |
| 2 | गाजीपुर | 1,63,676 | 0 | 79,929 | 0 |
| 3 | चंदौली | 1,08,798 | 37 | 1,12,002 | 2,459 |
| 4 | जौनपुर | 2,41,567 | 9 | 2,17,128 | 35 |
| 5 | मिर्जापुर | 64,06,422 | 0 | 1,99,76,136 | 0 |
| 6 | सोनभद्र | 11,37,325 | 0 | 34,92,814 | 0 |
| 7 | संत रविदास नगर (भदोही) | 27,80,798 | 0 | 36,57,599 | 0 |
| 8 | आगरा | 1,00,10,849 | 3,78,635 | 1,11,38,316 | 9,70,901 |
| 9 | अलीगढ़ | 22,92,582 | 190 | 57,04,000 | 0 |
| 10 | फिरोजाबाद | 1,90,940 | 2 | 4,44,850 | 0 |
| 11 | एटा | 83,730 | 0 | 3,03,875 | 0 |
| 12 | हाथरस | 1,37,425 | 3 | 2,22,070 | 0 |
| 13 | कासगंज | 42,75,800 | 378 | 64,45,653 | 465 |
| 14 | मैनपुरी | 88,396 | 0 | 18,72,670 | 0 |
| 15 | मथुरा | 6,52,75,743 | 1,15,858 | 7,77,99,866 | 1,27,433 |
| 16 | प्रयागराज | 2,60,45,271 | 1,895 | 5,06,67,356 | 4,266 |
| 17 | कौशाम्बी | 11,78,924 | 0 | 12,52,600 | 261 |
| 18 | प्रतापगढ़ | 12,45,075 | 120 | 13,50,592 | 326 |
| 19 | फतेहपुर | 2,48,014 | 0 | 6,59,918 | 0 |
| 20 | गोरखपुर | 19,89,546 | 3,242 | 30,14,147 | 4,172 |
| 21 | कुशीनगर | 8,48,631 | 41,058 | 19,28,153 | 2,14,253 |
| 22 | महाराजगंज | 1,35,509 | 0 | 3,19,660 | 0 |
| 23 | देवरिया | 1,44,849 | 0 | 4,57,930 | 0 |
| 24 | आजमगढ़ | 5,48,897 | 0 | 14,97,070 | 0 |
| 25 | मऊ | 2,66,122 | 3 | 10,17,393 | 2 |
| 26 | बलिया | 3,29,746 | 0 | 5,35,240 | 3 |
| 27 | बस्ती | 5,02,280 | 57 | 9,80,058 | 36 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | सिद्धार्थ नगर | 2,22,289 | 109 | 3,92,516 | 11,797 |
| 29 | संत कबीर नगर | 5,98,777 | 96 | 12,87,099 | 80 |
| 30 | अयोध्या | 2,39,09,014 | 1,465 | 5,75,62,428 | 8,468 |
| 31 | अम्बेडकर नगर | 4,57,834 | 36 | 5,45,130 | 96 |
| 32 | अमेठी | 18,936 | 0 | 98,818 | 0 |
| 33 | बाराबंकी | 14,94,120 | 0 | 32,71,326 | 0 |
| 34 | सुल्तानपुर | 3,18,534 | 0 | 2,64,446 | 0 |
| 35 | गोंडा | 2,37,440 | 0 | 8,94,877 | 0 |
| 36 | बहराइच | 1,35,311 | 0 | 2,79,422 | 0 |
| 37 | बलरामपुर | 1,90,120 | 0 | 29,300 | 0 |
| 38 | श्रावस्ती | 55,808 | 10 | 55,865 | 0 |
| 39 | लखनऊ | 58,47,712 | 3,401 | 66,69,390 | 4,920 |
| 40 | लखीमपुर खीरी | 8,61,212 | 128 | 67,62,520 | 20 |
| 41 | रायबरेली | 69,593 | 0 | 1,02,368 | 0 |
| 42 | सीतापुर | 7,22,747 | 0 | 8,13,265 | 12 |
| 43 | उन्नाव | 69,173 | 0 | 11,21,173 | 22 |
| 44 | हरदोई | 36,492 | 0 | 64,570 | 0 |
| 45 | कानपुर देहात | 12,07,088 | 0 | 7,13,281 | 0 |
| 46 | कानपुर नगर | 58,84,917 | 2,330 | 28,19,792 | 3,756 |
| 47 | औरैया | 13,67,941 | 3 | 5,94,579 | 5 |
| 48 | इटावा | 22,98,694 | 0 | 15,53,977 | 4 |
| 49 | कन्नौज | 22,08,172 | 6 | 9,20,603 | 91 |
| 50 | फर्रुखाबाद | 29,48,661 | 1,407 | 17,54,195 | 2,636 |
| 51 | बरेली | 35,44,467 | 568 | 85,26,404 | 912 |
| 52 | बदायूं | 10,66,121 | 15 | 36,42,745 | 8 |
| 53 | शाहजहांपुर | 9,25,202 | 73 | 33,51,274 | 121 |
| 54 | पीलीभीत | 9,85,315 | 26 | 30,95,729 | 12,002 |
| 55 | मुरादाबाद | 11,70,021 | 857 | 41,81,357 | 1,114 |
| 56 | रामपुर | 11,93,757 | 158 | 39,44,084 | 290 |
| 57 | अमरोहा | 10,09,549 | 11 | 34,04,142 | 18 |
| 58 | बिजनौर | 14,57,729 | 1 | 37,47,082 | 4 |
| 59 | संभल | 10,85,743 | 12 | 31,23,420 | 58 |
| 60 | मेरठ | 27,00,220 | 1,272 | 34,62,942 | 1,431 |
| 61 | हापुड़ | 47,81,325 | 0 | 51,84,564 | 0 |
| 62 | बुलंदशहर | 21,75,480 | 0 | 28,22,712 | 0 |
| 63 | बागपत | 14,75,000 | 0 | 15,55,640 | 0 |
| 64 | गाज़ियाबाद | 16,91,100 | 1,639 | 24,61,348 | 2,751 |
| 65 | गौतम बुद्ध नगर | 16,64,765 | 3,077 | 20,35,122 | 3,175 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 66 | मुजफ्फरनगर | 7,04,665 | 69 | 10,12,450 | 310 |
| 67 | सहारनपुर | 51,06,025 | 314 | 59,41,680 | 469 |
| 68 | शामली | 21,660 | 0 | 50,390 | 0 |
| 69 | झांसी | 1,65,36,249 | 727 | 1,10,20,736 | 1,544 |
| 70 | ललितपुर | 74,04,752 | 0 | 22,54,629 | 1 |
| 71 | जालौन | 64,31,457 | 0 | 45,69,093 | 0 |
| 72 | चित्रकूट | 37,19,223 | 0 | 1,08,04,106 | 88 |
| 73 | बांदा | 6,28,493 | 0 | 11,26,529 | 200 |
| 74 | महोबा | 5,92,879 | 0 | 10,08,549 | 23 |
| 75 | हमीरपुर | 3,92,763 | 0 | 8,33,837 | 6 |
| **कुल** | | **31,79,13,587** | **6,48,986** | **47,85,25,688** | **16,01,503** |

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

*****

**अनुबंध-II**

श्री मिथलेश कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 20.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2382# के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **परिपथ** | **स्वीकृति कर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2 | रामायण परिपथ | 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3 | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 4 | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास | 67.51 |
| 5 | कृष्णा परिपथ | 2017-18 | महाभारत से संबंधित स्थानों का विकास (कुरुक्षेत्र, हस्तिनापुर, काम्पिल्य) | 98.41 |
| 6 | रामायण परिपथ | 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.20 |
| 7 | बौद्ध परिपथ | 2017-18 | कपिलवस्तु, श्रावस्ती और कुशीनगर का विकास | 60.00 |
| 8 | जैन परिपथ | 2017-18 | वाराणसी, श्रावस्ती और कौशाम्बी का विकास | 52.35 |
| 9 | मार्गस्थ सुविधाएं | 2018-19 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी-गया में; कुशीनगर-गया-कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 15.07 |

**उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति की तिथि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 05-03-2024 |
| 2 | नैमिषारण्य | वैदिक-कल्याण अनुभव | 15.94 | 05-03-2024 |

**उत्तर प्रदेश राज्य के लिए प्रशाद के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी का विकास - चरण - I | 2015-16 | 18.73 |
| 2 | मथुरा-वृंदावन का मेगा टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 |
| 3 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |
| 4 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| 5 | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 |
| 6 | गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |

**उत्तर प्रदेश राज्य के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृति तिथि | स्वीकृत राशि (लाख रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल) | आईटीडीसी | 28-02-2015 | 512.43 |
| 2 | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था: 1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का विस्तार) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्रहालय | सीपीडब्ल्यूडी | 21-12-2017 | 293.55 |

**उत्तर प्रदेश राज्य के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 2 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |

**उत्तर प्रदेश राज्य में घरेलू संवर्धन एवं प्रचार योजना के तहत सहायता प्राप्त मेलों और महोत्सवों तथा आयोजनों का विवरण**

| वर्ष | मेलों और महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 2016-17 | गंगा महोत्सव, वाराणसी | 25.00 |
| | शिल्पोत्सव, नोएडा | 30.00 |
| 2017-18 | शिल्पोत्सव, नोएडा | 25.00 |
| | नैमिषारण्य, सीतापुर में सांस्कृतिक/पर्यटन विकास पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन | 25.00 |
| 2018-19 | शिल्पोत्सव, नोएडा | 30.00 |
| | ताजमहोत्सव | 25.00 |
| | गंगा महोत्सव | 25.00 |
| 2019-20 | गंगा महोत्सव-वाराणसी | 15.00 |
| | दीपोत्सव, अयोध्या | 25.00 |
| | ताज महोत्सव, आगरा | 10.00 |
| 2022-23 | फिरोजाबाद महोत्सव | 25.00 |
| 2023-24 | फिरोजाबाद महोत्सव | 25.00 |
| | हाथरस महोत्सव | 25.00 |

*****